शन नहीं हो सका। संत विनोबा भावे का नारा है कि रात अंधेरी कट के रहेगी, धन और धरती बंट के रहेगी। लेकिन वह कब बंटेगी इस की कोई मियाद नहीं है।.. ....(व्यवधान)...अकालियों के राज में भी क्या हुआ ? पंजाब में गुरनाम सिंह के राज में भी कुछ नहीं हुआ, यह मैं जानता हूं। मेरा कहने का मतलब तो यह है कि जबानी हमदर्दी तो बेशक कर सकते हैं। वह मेरे दोस्त करते हैं लेकिन गुरनाम सिंह मिनिस्ट्री ने तो यह और भी किया था कि जो पंजाब में हम ने जमीन का कानून कांग्रेस गवर्नमेंट से बनवाया था वह भी ठप कर दिया था। उस वक्त उन को लड़ना चाहिये था, गुरनाम सिंह को कहना चाहिये था कि हरिजनों को जमीन दे दो। लेकिन नहीं किया। इसी तरह से मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि यह जो जमीन का झगड़ा है जमीन तकसीम होना जरूरी है चाहे वह इस तरीके से हो, चाहे कानूनी तरीके से हो। हम इस चीज में विश्वास करते हैं, हम गांधीज्म में विश्वास करते हैं, डेमोक्रेसी में विश्वास करते हैं। हम यह कहते हैं कि लड़ाई झगड़े के बिना शांतिपूर्ण तरीके से जैसे हिन्दुस्तान की आजादी मिली थी उसी तरीके से जमीन की तकसीम भी हो जाये और पूंजीपति जो बड़े बड़े बने हुए हैं उन का धन गरीबों के पास जायें। उस के लिए कोई तरीका बनाया जाये। मेरा कहने का मतलब यह था कि यह जो धन और धरती का बटवारा है उस के लिए कानून के जरिए से लोगों में विश्वास नहीं रहा कि वह बंटेगी। अब उन को यह ख्याल आ गया कि हम जोर से इन चीजों को बांटेंगे तभी बट सकती है। आज हिन्दुस्तान में समाजवाद का हमारा नारा है। समाजवाद के माने हैं इक्वलिटी लाना, बराबरी लाना। समाजवाद का नारा यह नहीं है जो हालत आज देश में है। इस देश के लोगों को तीन क्लासेज में बांटा जा सकता है—अपर क्लास, मिडिल क्लास और लोअर क्लास। लोअर क्लास से उनको उठा कर मिडिले क्लास के बराबर लाया जाये और अपर क्लास को नीचे करके मिडिल क्लास के बराबर लाया जाय तब तो हम समाजवाद का नारा कुछ पूरा कर सकते हैं। लेकिन अभी भी बीस बाईस साल आजादी आने के बाद भी यह हो कि पूंजीपति तो और ज्यादा पूंजीपति हो गया और गरीब और ज्यादा गरीब बन गया तो समाजवाद का नारा हमारा तो एक हंसी मजाक के बराबर रहा है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि इस को पूरा करने के लिए हमारे प्राइम मिनिस्टर ने बैंक नेशनलाइजेशन किया (व्यवधान)... मैं जो कह रहा था वही बात वह भी कहना चाहते हैं, वही मैं भी कहना चाहता हूं। बैंक नेशनलाइजेशन होने के बाद गरीब लैंडलेस हरिजन को बैंकों से कर्जा नहीं मिल रहा है। मैं यह गवर्नमेंट की नोटिस में लाना चाहता हूं। वह उस की सैक्योरिटी मांगते हैं तो सैक्योरिटी जमीन की होगी जो जमींदार ही दे सकता है या पूंजीपति ही दे सकता है।

अब मुझे कुछ सजेशंस आप के सामने रखने हैं। वह यह है कि गवर्नमेंट को पूरे ध्यान से इस चीज को देखना चाहिए, कुछ मैं ऐसा समझता हूं कि प्लानिंग कमीशन जो सेंट्रल गवर्नमेंट का है उस में यह कमी है लोअर क्लास के लोगों को ऊंचे उठाने की प्लानिंग में उस ने गलती की है। मिडिल क्लास और अपर क्लास को ज्यादा पूंजीपति बनाने के प्लान उस ने बनाए हैं। यह बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें, दस दस मंजिला कोठियां और दस दस मंजिले दफ्तर बनाने की जरूरत नहीं है जब कि इस देश के करोड़ों आदमी इस वक्त रोटी से भूखे हैं, कपड़े से नंगे हैं, मकान रहने के लिए नहीं है और वह गरीबों का तबका लेबर क्लास मर रहा है, गरीब किसान मर रहा है। 22 साल की आजादी के बाद भी अगर यह हालत हो तो जरूर ही यह समस्या सामने आती है, फिर

[श्री साधूराम]

जरूरी हो जाता है कि इन्कलाव आना चाहिए। तो प्लानिंग कमीशन में मैं समझता हूं कि शेड्यूल्ड कास्ट का मेम्बर रखा जाये। दूसरी मेरी तजवीज यह है कि जमीन का डिस्ट्रिब्यूशन हो। जमीन की तकसीम किये बिना देश आगे बढ़ नहीं सकता है चाहे सेंट्रल गवर्नमेंट किसी तरीके से करे, जो स्टेट गवर्नमेंट इस कास्टीट्यूशन को मानने के लिये तैयार नहीं हैं उन के खिलाफ सेंट्रल गवर्नमेंट फौरन ऐक्शन ले। तीसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि बैंक से जो लोन मिलत हैं वह हरिजनों के लिए बिदाउट इंटेरेस्ट मिलने चाहिए। उस का कोई सूद न हो और हर गरीब को लोन मिले जिससे वह स्माल स्केल इंडस्ट्री चला सके और अपनी जो छोटी जमीन है उस में काश्त कर सके। चौथी मेरी तजवीज है कि रिजर्वेशन को इम्प्लीमेंट करवाया जाये। होम मिनिस्ट्री पर जोर दिया जाय कि वह जो रिजर्वेशन उन्होंने कायम किया है जितने परसेंट उस को पूरा करने के लिए एक स्ट्रिक टआर्डर जारी कर दें। जिस मुहमे में वह रिजर्वेशन पूरा न हो। उस महकमे के इन्चार्ज को सख्त सजा दी जाये, जो रिजर्वेशन को पूरा करने में कोताही कर रहे हैं।

सातवीं बात—शेड्यूल्ड कास्ट और शेड-यूल्ड ट्राइब्ज की प्राबलम को नेशनल प्राबलम तसव्वुर किया जाये। मैंने अपनी हर स्पीच में यही कहा है कि इस को नेशनल प्राबलम तस-व्वुर करते हुए इस के लिये एक सैप्रेट मिनि-स्टरी बनाई जाये ताकि इन मामलों को हल किया जा सके। मैं सैप्रेट मिनिस्टरी इस लिये चाहता हूं कि बीमार को बीमारी का पता होता है, तन्दरुस्त आदमी को बीमार की बीमारी का अहसास नहीं होता, उस को पता नहीं होता कि बीमार की हालत क्या है। मैं ला-मिनिस्टर या दूसरे मिनिस्टर की मुखालफत नहीं कर रहा हूं, लेकिन मेरा कहना है कि ये इस को इम्पलीमेंट करवा ही नहीं सकते, क्योंकि इन को बीमारी का पता ही नहीं है।

आठवीं बात—आज हरिजनों पर जो जुल्म हो रहा है हर स्टेट में इन को मारा जा रहा है, कत्ल किया जा रहा है, लूटा जा रहा है, अभी पिछले दिनों उड़ीसा में वाक्या हुआ, चार आदमी कत्ल किये गये, मद्रास में हुआ, मध्य प्रदेश में मारा गया, उत्तर प्रदेश में मारा गया, कल हरियाणा का वाक्या आपने सुना और सैन्ट्रल गवर्नमेन्ट यह कह कर मामले को टाल देती है कि यह स्टेट सब्जैक्ट है, क्या इन को प्रोटेक्शन देना उस की जिम्मेदारी नहीं है? अगर राज्य सरकारें इन को प्रोटेक्शन नहीं दे सकती, माइनोरिटी कम्यूनिटीज की हिफाजत नहीं कर सकती तो इस का साफ मतलब है कि वहां ला एण्ड आर्ड फेल हो गया है। इस लिये मैं चाहता हूं कि सैन्ट्रल गवर्नमेंट होम मिनिस्ट्री के मात-हत एक सेल कायम करे। सी० वी० आई० या सी० आई० डी० के जरिये जहां भी ऐसे वाक-यात हों, उन की जाच करा कर, डायरैक्ट इन मामलों में मदाखलत करे।

9वीं बात—अनटचेबिल्टी या छूआछात की बीमारी क्या है—दरअसल आज तक इस को सम-झने में हम कासिर रहे। हमारे यहां जो शास्त्र, वेद, पुराण हैं जिनके जरिये हमारे यहां वर्णा-श्रम को कायम किया गया है—ब्राह्मण, वैश्य, क्षत्री, शूद्र—ये जो चार किस्म के वर्णाश्रम बनाये गये, उन में आज तक इन को शूद्र बना कर रखा गया। पिछले दिनों शंकराचार्य के मुताल्लिक हम ने यहां पर शोर मचाया था। उन्होंने कहा था कि हम हिन्दू धर्म की इस मर्यादा को तोड़ नहीं सकते। हमारे हिन्दुओं में बहुत से लोग ऐसे हैं, जो आज भी इन चीजों में विश्वास नहीं करते, जिनमें से कुछ कांग्रेस में चले गये, कुछ बी०के०डी० में चले गये, कुछ

कम्यूनिस्टों में चले गये, लेकिन अभी भी कुछ ऐसे लोग हैं जो जनसघ बन कर देश में हिन्दू धर्म को दोबारा कायम करना चाहते हैं, जो पुरानी सभ्यता को फिर से कायम करना चाहते हैं, ऐसे लोग अभी भी शंकराचार्य का स्वागत करते हैं, जिन का हम ने यहां पर बाइकाट किया हुआ है, जिनके खिलाफ आन्दोलन किया था। लेकिन वे लोग अभी भी उन का स्वागत करते है, अभी हाल में जब वह अमृतसर गये तो इन लोगों ने वहां इन का स्वागत किया। मैं उन लोगों को यह कहना चाहता हूं कि अगर वह उस पुरानी हिन्दू सभ्यता को कायम करने की कोशिश करेंगे तो इस देश के 15 करोड़ आदमी कट मरेंगे, लेकिन उस सभ्यता को फिर से इस देश में नहीं आने देगें।

10वीं बात—परसों तुलसी दास का एक समागम यहां पर मनाया गया। तुलसी दास को लोग नेशनल-कवि तसव्वर करते हैं... (**व्यवधान**)... उस में बहुत से लोग भी गये थे, मिनिस्टर साहबान भी गये थे, हमारी प्राइम मिनिस्टर भी गई थीं और उन की वहां पर बहुत प्रशंसा की गई, उस तुलसी दास की जो वर्णाश्रम का प्रचार करता है। उस के दो श्लोक आप के सामने रखना चाहता हूं—उस ने कहा है—

"ढोल गंवार शूद्र पशु नारी, ये सब ताड़न के अधिकारी" इस का मतलब है ढोल, गंवार आदमी, शूद्र और औरत-जाति ये चारों ताड़ना के अधिकारी हैं।...

श्री रणधीर सिंह : लेकिन हरिजन तो नहीं कहा है।

श्री साधू राम : दूसरा श्लोक सुनिये—

पूजिये विप्र ज्ञान गुणहीना,
पूजिये न शूद्र गुण ज्ञान प्रवीना।

इस का मतलब है कि पंडित चाहे जितना भी नालायक हो, उस की पूजा करो और शूद्र चाहे बड़ा ज्ञानी हो, उस की पूजा मत करो। यह उन का कथन है। मैं यह समझता हूं कि जब तक ऐसे तुलसीदासों, मनुस्मृतियों और शंकराचार्यों पर पाबन्दी नहीं लगाई जायगी, तब तक हिन्दुस्तान से अनटचेबिल्टी, छूआछात खत्म नहीं हो सकती। इन के खिलाफ़ आन्दोलन करने के लिये हम को खुद खड़ा होना चाहिये और उन का मुकाबला करने के लिये कमरबस्ता हो जाना चाहिये। हमारा मुंह आप जैसा है, हमारी आंखें आप जैसी हैं, मंदिरों में आप क्या लेने जाते हैं। ऐसे मंदिरों को बन्द कर देना चाहिये, जिनमें आप ने भगवान को बन्द कर रखा है।

इस लिये, चेयरमैन साहब, आप की मारफत मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इन सब चीजों को नजर में रखते हुए, गरीब हरिजनों और पिछड़े लोगों की रक्षा करने के लिये आप को जल्द से जल्द कदम उठाने चाहिये।

सभापति महोदय : सबसे अच्छे वक्ता ने भी अब तक 17-18 मिनट लिये हैं, लेकिन आप ने 30 मिनट लिये हैं....

श्री राम चरण (खुर्जा) : इस लिये आप को टाइम बढ़ाना पड़ेगा, ज्यादा से ज्यादा टाइम देना पड़ेगा।

श्री प० ला० बारूपाल (गगानगर) : अगर नहीं बढ़ायेंगे तो कल से कोई हरिजन पार्लियामेंट में नहीं आयेगा और किसी चीज का समर्थन नहीं करेगा।

SHRI SONAVANE (Pardharpur) : I want to make a submission. We are considering three reports of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and the Elayaperumal Committee's report, spread over three or four years ; they have been lumped together and are being considered together. So, it is reasonable, justifiable and logical that we should have a minimum of 20 hours for this discussion, at

[Shri Sovavana]

the rate of 5 hour for each report. It is anything less than 20 years, then we are not prepared to listen. If the Business Advisory Committee does not allow 20 hours, we shall boycott this house and we shall walk out.

सभापति महोदय : अभी इस को चलने दीजिये आप लोगों ने इस सवाल को डिप्टी स्पीकर साहब के सामने उठाया था। अब स्पीकर साहब इस पर विचार करेंगे। आजकल तो यह चल रहा है, बन्द होने नहीं जा रहा है। स्पीकर साहब के पास यह मामला जायेगा और वही इसको तय करेंगे। पांच, दस, बीस या तीस घंटा जो कुछ भी है, यह मामला उनके पास जायेगा और वही इसको तय करेंगे।

श्री मोलहू प्रसाद। ...(व्यवधान)...

श्री मोलहू प्रसाद (बांसगांव) : सभापति महोदय, अगर ये हमारे बोलने में बाधा उत्पन्न करेंगे तो यह निश्चित है कि इनके बोलने पर हम बाधा उत्पन्न करेंगे।

सभापति महोदय : आप चेयर को सम्बोधित कीजिए।

श्री मोलहू प्रसाद : ये जो ** बैठे हैं वह बोलने नहीं देते हैं। ...(व्यवधान)...

सभापति महोदय : आपने जो यह शब्द इस्तेमाल किया है वह निकाल दिया जायेगा।

श्री मोलहू प्रसाद : आप इसको निकाल दीजिए लेकिन अगर ये हमारे बोलने में फिर बाधा उत्पन्न करेंगे तो मैं फिर इस शब्द का इस्तेमाल करूंगा।

सभापति महोदय, जो रिपोर्ट यहां पर बहस करने के लिए पेश की गई हैं, अगर हमारी पार्टी के लीडर श्री मधु लिमये जोकि आजकल उत्तर प्रदेश की जेल में हैं उन्होंने पिछले सत्र में अगर अपने विधेयक को वापिस न लिया होता तो शायद इस पर बहस करने की नौबत ही न आती। मैं सबसे पहले उनको धन्यवाद देता हूं कि उनके द्वारा गैर सरकारी विधेयक वापिस लेने से यहां पर उस रिपोर्ट पर बहस करने का अवसर प्राप्त हुआ। दूसरा धन्यवाद मैं आपको देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। तीसरा धन्यवाद मैं इस कमेटी के लोगों को देना चाहता हूं जिन्होंने अपने साहसपूर्ण विवेक से इस सरकार को, इस सदन को और इस देश को सचेत किया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इस कमेटी ने जितनी रिपोर्टें दे दी हैं, जितनी सिफारिशें कर दी हैं अगर उन्हीं सिफारिशों को ठीक ढंग से लागू किया जाये तो इस देश की अनुसूचित जातियों और आदिम जातियों की काया पलट हो सकती हैं। इससे अधिक आलोचना करने की मेरे पास शब्द नहीं हैं। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट 30 जनवरी, 1969 को दे दी उसके बाद समाज कल्याण राज्य मंत्रियों की 29 जनवरी, 1970 की बैठक में इस रिपोर्ट पर विचार किया गया। सात महीने का समय बीत चुका है लेकिन मुझे ज्ञात हुआ है कि किसी भी राज्य सरकार ने इसकी सिफारिशों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं भेजी है। यह जो टाल मटोल की कार्यवाही चल रही है उस के सम्बन्ध में मैं आपके द्वारा सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। वैसे तो जो समाज कल्याण मंत्रालय है उसकी जितनी आलोचना इस कमेटी ने की है उससे अधिक शब्द मेरे पास नहीं हैं जो मैं कह सकूं। सात महीने का समय बीत चुका है लेकिन एक भी राज्य सरकार ने इसके सम्बन्ध में अपनी प्रतिक्रिया नहीं भेजी है। सरकार का रवैया यही रहा है कि किसी समस्या को टालने के लिए एक कमेटी बिठा दो। जब उस कमेटी की रिपोर्ट आये तो वह रद्दी की टोकरी में पड़ी रहे। जब उस पर काफी हल्ला मचे तो दूसरी कमेटी बिठा दो जोकि इस बात

** Expunged as ordered by the Chair.

को देखे कि उस पर इम्प्लीमेन्टेषन होना चाहिए या नहीं। उसी तरह से इस कमेटी की रिपोर्ट पर फिर दूसरी कमेटी बनाई जा रही है यह देखने के लिए कि किस सिफारिश को इम्प्लीमेंट किया जाये और किस को इम्प्लीमेन्ट न किया जाये। मेरा निवेदन है कि इस सरकार के पास इस कमेटी की सारी सिफारिशों को न मानने का कोई तर्क नहीं हैं, कोई कारण नहीं है। वैसे तो अस्पृश्यता के सम्बन्ध में उन्होंने 12 सिफारिशें दी हैं, आर्थिक विकास के सम्बन्ध में 13 सिफारिशें दी हैं, शैक्षिक विकास के सम्बन्ध में 46 सिफारिशें दी हैं, अनुसूचित जाति की सेवाओं और पांचवें भाग में 132 सिफारिशें दी है। अगर सरकार और विभिन्न राज्य सरकारें उनको लागू नहीं करेंगी तो यह अनुसूचित जाति और आदिम जाति का मामला कभी सुलझ नहीं सकता हैं। सभी रिपोर्टों की तरह से अगर इस को भी लागू नहीं किया गया तो फिर इस बहस का कोई मतलब नहीं निकल सकता है।

अभी हमारे पुराने विद्वान नेता भंडारे साहब ने मजिस्ट्रेट की बात कही लेकिन इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट के 74 पेज पर लिखा है कि पुलिस के अधिकारी जोकि इन मामलों की जांच करने वाले हैं उनको यह पता नहीं है कि अस्पृश्यता निवारण विधेयक भी कोई बना है या नहीं। आजादी के पहले जो सामाजिक कानून थे वे ज्यादा प्रभावी थे लेकिन आजादी के बाद जो अस्पृश्यता निवारण अनधिनियम बना है उसको निष्प्रभावी बना दिया गया है। क्यों कि जब किसी मामले की कोई जांच ही नहीं होगी तो न्यायाधीश अपना निर्णय क्या देगा। इसलिए समिति ने सिफारिश की है कि पुलिस अधिकारियों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम में इस विषय को भी शामिल किया जाये ताकि उनको अनटचेबिलिटी कानून का ज्ञान हो सके।

जहां तक कृषि मजदूरों का सम्बन्ध है, चौथे अध्याय में कहा गया है कि यह समस्या भारत जैसे पिछड़े देश में और भी बिकट है जहां पर कि लोग आम तौर से एक ही व्यवसाय अपनाते हैं और जब उससे खाली होते है तो निकम्मे बैठे रहते हैं। अनुसूचित जातियों के कृषि मजदूरों में अपूर्ण रोजगार की समस्या कितनी बड़ी है, इस सम्बन्ध में आधार सामग्री उपलब्ध नहीं है। उन्होंने इस सम्बन्ध में सिफारिश दी है कि साठ वर्ष की आयु से अधिक ऐसे सभी अनुसूचित जाति व्यक्तियों को जिनकी कोई आय नहीं है और जिनको कोई सहारा देने वाला नहीं है वृद्धावस्था पेंशन दी जानी चाहिये। इस पेंशन की दर निर्वाह मूल्य के अनुसार निश्चित की जानी चाहिये लेकिन वह इतनी अवश्य होनी चाहिए जिसमे खाने और कपड़े का खर्च चल सके।

उनकी दूसरी सिफारिश यह है कि पूरे देश में, नगरों में और गांवों में हमारे कई सरकारी उपक्रम हैं। यदि 50 प्रतिशत श्रम-कार्य (मजदूरी) अनुसूचित जातियों के भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए आरक्षित रखी जाय तो इससे इन बेचारे अभागे लोगों को रोजगार मिलने में सहायता मिलेगी और आर्थिक दृष्टि से वे ऊंचे उठ सकेंगे अतः समिति सिफारिश करती है कि सभी सरकारी उपक्रमों में 50 प्रतिशत मजदूरी का काम अनुसूचित जातियों के भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए आरक्षित रखा जाये।

अब इससे ज्याद मुझे कुछ नहीं कहना है। अगर इसी सिफारिश को सरकार कार्यान्वित करे तो इस देश के बहुत से मामले सुलझ सकते हैं।

शैक्षिक वाले मामले में समिति ने 55 पेज पर लिखा है कि हाल ही में अनेक प्रतिष्ठित

[श्री मोलहू प्रसाद]

भारतीय नेताओं ने पब्लिक स्कूलों की इस प्रणाली की अत्यधिक आलोचना की है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि ये वर्गगत स्कूल हैं न कि सार्वजनिक (अर्थात् पब्लिक) स्कूल भूतपूर्व शिक्षा मंत्री श्री चागला ने इन स्कूलों की जनता द्वारा की गई आलोचना के प्रति अपनी प्रतिक्रिया यह कहकर स्पष्ट की है कि पब्लिक स्कूलों को विशेषाधिकार प्राप्त जनसमुदाय की ही संस्था नहीं होनी चाहिए। परन्तु इसके स्थान पर उन्हें शैक्षिक श्रेष्ठता की संस्था होना चाहिए। परन्तु सरकार वस्तुतः यह चाहती है कि ये स्कूल तथाकथित भद्रों के लिए नहीं बल्कि उन प्रतिभाशाली बच्चों के लिए बने रहें जो अपनी सामाजिक और आर्थिक हैसियत के बावजूद इनसे लाभ उठा सकें, तो शिक्षा को या तो निःशुल्क कर दिया जाना चाहिए या उसकी आर्थिक व्यवस्था पूर्णतः सरकार को करनी चाहिये।

हम आशा करते हैं कि हर सिफारिशों पर सरकार शीघ्र ध्यान देगी ताकि कम से कम बच्चों की तरफ से ही एकता वाला मामला शुरू हो। तब जबानों में अपने आप आयेगी। अभी तो किसी तरह से भी एकता नहीं है, बूढ़ों की तरफ से नहीं है, जबानों की तरफ से नहीं है और बच्चों की तरफ से नहीं है। इसलिए कम से कम बच्चों की तरफ से ही एकता वाला मामला शुरू किया जाए। जाअकल नगर-पालिका और जिला परिषदों की तरफ से प्राइमरी स्कूल चल रहे हैं और दूसरी तरफ पब्लिक स्कूल और कान्वेन्ट स्कूल चल रहे हैं तो कम से कम प्राइमरी शिक्षा ही एक समान शुरू होनी चाहिए ताकि उनमें एकता की भावना उत्पन्न हो सके। यह साम्प्रदायिकता विरोधी आन्दोलन से कुछ होने वाला नहीं है।

अब मैं इस कमेटी की एक सिफारिश की ओर आपका ध्यान और दिलाना चाहता हूं। इस कमेटी ने लोक सभा और राज्य सभा सचिवालयों से उनके अधीन सेवाओं को अनुसूचित जातियों के वास्तविक प्रतिनिधित्व के बारे में जानकारी मांगी। राज्य सभा से तो कोई उत्तर नहीं मिला, परन्तु लोक सभा सचिवालय ने सूचित किया कि—"सुप्रतिष्ठत संसदीय परम्पराओं के अनुसार यह सचिवालय भारत सरकार द्वारा नियुक्त किसी समिति को" किसी ऐसे विषय से संबंधित जानकारी नहीं देता जो अध्यक्ष के पूर्णाधिकार के अन्तर्गत हो।"

सम्बन्धित आंकड़े न होने के कारण हम यह नहीं बता सकते कि लोक सभा और राज्य सभा सचिवालयों के पदों और सेवाओं में काम करने वाले अनुसूचित जाति के कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त है या नहीं। इस विषय में स्मरण पत्र भी भेजे गये थे—लेकिन व्यर्थ। "इस सम्बन्ध में एक रोचक तथ्य यह है कि काफी वर्षों से अनुसूचित जातियों और आदमि जातियों के आयुक्त भी इन दोनों सांविधिक निकायों से उक्त आवश्यक जानकारी पाने का प्रयत्न कर रहे हैं। परन्तु असफलतापूर्वक तब भी संसदीय परम्परा का वही तर्क पेश किया गया था और आयुक्त को भी बाहर का प्राधिकारी माना था। आयुक्त ने अपनी 1959-60 की रिपोर्ट में ठीक ही कहा था कि इस विषय में संविधान के अनुच्छेद 338 में लिखित और स्पष्ट उपबन्ध है, अतः उक्त अनुच्छेद के उपबंधों को कोई भी परम्परा प्रभावशून्य नहीं कर सकती है, और संविधान के अन्तर्गत किसी विशेष प्रयोजन के लिये नियुक्त किसी अधिकारी को राष्ट्रपति के निर्देश के अनुसार इकट्ठी की जाने वाली जानकारी देने के लिये बाहर की संस्था नहीं माना जा सकता। हम आयुक्त के इस दृष्टिकोण का पूरा समर्थन करते हैं और सिफारिश करते हैं कि सरकार को इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए कि दोनों

सांविधिक कार्यालय कम से कम आयुक्त के संगठन को तो आवश्यक जानकारी नियमित रूप से भेजते ही रहे, साथ ही वे अपने भर्ती नियमों में अनुसूचित और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षण करने की आवश्यक व्यवस्था भी कर दें।"

मैं सोच रहा था कि हमारे पुराने सीनियर मेम्बर श्री भंडारे जरूर इस बात पर ध्यान देंगे कि जब राज्य सभा सचिवालय और लोक सभा सचिवालय में, जो डिमाक्रेसी का प्रतिबिम्ब हैं, इन मामलों को नहीं उठाया जा सकता है, यहीं इस चीज को पूरा नहीं किया जा सकता है, तब देश के किसी और कौने में कैसे लागू किया जा सकता है। आप यहां के मंत्रियों के विषय को लीजिये। 55 मंत्री हैं, लेकिन 55 में से शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के सिर्फ 6 मंत्री हैं। क्या यह 15 परसेंट होता है ? यह 105 परसेंट है। जब यहीं इस को पूरा नहीं किया जा सकता है तब देश के दूसरे किसी कौने में कैसे पूरा किया जा सकता है, यह मेरी समझ में नहीं आता है। मैं चाहूंगा कि यहीं आप इस परसेंटेज को पूरा कर के पहले एक आदर्श उपस्थित करें तब सारे देश में आप इस को कर सकेंगे।

इसी तरह से सरकारी क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक निकायों के आधीन सेवाओं पदों में अनुसूचित जातियों के प्रतिनिधित्व की बात है। इसमें भारत सरकार की 51 प्रतिशत धन-राशि लगी हुई है। उन पर केन्द्रीय सरकार के सारे कानून कायदे लागू होते हैं। यदि केन्द्रीय सरकार रिजर्वेशन के मामले को स्वीकार करती है तो उन में रिजर्वेशन देने में उस को क्या कठिनाई है ? इस से उस की नियत का पता लगता है कि सरकार कहां तक इस चीज को लाना चाहती है। वास्तव में सारे देश की अर्थ-व्यवस्था इस लिये बिगड़ रही है कि आप लोगों ने पिछले 22 वर्षों में प्राईवेट सैक्टर को बढ़ावा दिया, लेकिन आप पब्लिक सैक्टर में भी शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के रिजर्वेशन का मामला ठीक नहीं कर सके। आप ने योजनाबद्ध तरीके से सारे देश में प्राईवेट सेक्टर को बढ़ाया और यह बराबर बढ़ता गया लेकिन उनमें भी अनुसूचित जाति के लोग खप नहीं सके क्योंकि उन के यहां आप रिजर्वेशन का मामला ठीक नहीं कर सकते। अगर सरकारी सेक्टर का विकास हुआ होता तो उस में अनुसूचित जाति के लोग खप सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरकार कहती है कि देश समाजवाद की ओर बढ़ता जा रहा है, लेकिन बुनियादी बीमारी वहीं से शुरू की गई है। मैं चाहूंगा कि जहां पर भारत सरकार की 51 परसेंट धन-राशि लगी हुई है, उन के सम्बन्ध में भारत सरकार रिजर्वेशन आदि के मामले को शीघ्र से शीघ्र लागू करे।

जब इस देश में अंग्रेजी राज्य था उस वक्त जितनी भरती की जगह थीं जैसे लोक सेवा आयोग, रेलवे सेवा आयोग, स्टेटों के लोक सेवा आयोग, उनमें जो एग्जामिनर होते थे उन में अंग्रेजी सरकार ने एक मुसलिम क्लास 1 आफिसर नियुक्त किया था ताकि मुसलिम कम्यूनिटी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो। चूंकि हिन्दू कम्यूनिटी मैजारिटी में हैं इस लिये मुसलिम कम्यूनिटी के साथ सेवाओं में भेद भाव न हो यह खयाल रक्खा जाता था। लेकिन आजादी के बाद वह बात खत्म हो गई। इस तरह की व्यवस्था के बारे में कमेटी की रिपोर्ट में भी है, लेकिन मैं पृष्ठ भूल गया हूं। यह इतनी वृहत् रिपोर्ट है कि वह इस वक्त खोजने से नहीं मिलेगा। लेकिन जितनी सरकारी सेवाओं में भरती की जगहें हैं उन में हर जगह, जहां एग्जामिनर वगैरह बैठते हैं, कापी जांचते वक्त, नम्बर देते वक्त, शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड

[श्री मोलहू प्रसाद]

ट्राइब्ज का एक क्लास 1 अफसर जरूर नियुक्त होना चाहिये, ताकि सेवाओं में उनके साथ कोई भेद भाव या पक्षपात न हो सके।

अभी श्री साधू राम ने एक चौपाई कही। मैं भी तुलसीदास की एक चौपाई बतलाना चाहता हूं। मैं बतलाना चाहता हूं कि रामचरित मानस की चतुशैती मनाने के लिए जो कमेटी है उसका अध्यक्ष कौन है? सतिया काण्ड के अभियुक्त के पिता महामान्य पं० कमला पति त्रिपाठी, मंत्री कौन है? माननीय सुधार पाण्डे। उस की स्वागत समिति में कौन है? कर्ण सिंह जी। महामंत्री कौन हैं? गृह-मंत्रालय के मंत्री महामान्य कृष्ण चन्द्र पन्त। जब गृह मंत्री इस संस्था के प्रवचनों का आदर करेगा तो किस अधिकारी में हिम्मत है कि उस के खिलाफ कार्रवाई कर सके, यह मैं नहीं समझ पाता। जब प्रधान मंत्री ने उस संस्था का उद्घाटन किया तब उसकी भावना के खिलाफ कौन पुलिस का अफसर कार्रवाई कर सकेगा? मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि उसी राम चरित मानस में तुलसी दास ने कितनी बढ़िया बात कही है, और प्रधान मंत्री के कान तक भी उसको पहुंचाना चाहता हूं। तुलसीदास ने कहा है कि :

"नारि स्वभाव सत्य कवि कहहीं।
अवगुण आठ सदा उर रहहीं॥"

यह हमारी प्रधान मंत्री के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। यह तुलसी दास के शब्द हैं। इसलिए माननीय सदस्य ने जो कुछ कहा उसकी तरफ ध्यान दिलाते हुए मैं प्रधानमंत्री के सामने इसको रखना चाहता हूं। यानी सती स्त्री चाहेकितनी सच्चरित्र हो, उसके अन्दर आठ अवगुण अवश्य पाये जायेंगे। पुरुष में कितने अवगुण होते हैं यह कहीं पर भी नहीं दिया गया है। एक शब्द भी उन्होंने इसके लिए नहीं बतलाया है। मैं नहीं समझता कि तुलसीदास समाज के सुधारक थे या बिगाड़ने वाले थे। तुलसीदास ने यह भी लिखा है कि एक शूद्र को तपस्या करते हुए रामचन्द्र ने बाण से मार डाला। इस तरह की रामायण से आप हमको उपदेश दिलवा रहे हैं। एक लव्य जैसे शूद्र के अंगूठे को द्रोणाचार्य ने गुरु दक्षिणा में काट लिया ताकि उसकी क्षमता समाप्त हो जाए। इस तरह की बातें रामायण और महाभारत में लिखी हुई हैं। जब हमारे मंत्री लोग इस तरह के जलसों में भाग लेते हैं तब देश में साम्प्रदायिकता की लहर बढ़ती है और भेदभाव की भावना फैलती है। आप कहते हैं कि इस तरह की बातों के लिए कार्रवाई की जाये, लेकिन मैं नहीं समझता कि इस तरह के मतभेद रहते हुए इस देश में कोई सुधार हो सकता है।

मैं चाहूंगा, कि इस कमेटी की जितनी सिफारिशें हैं सरकार किसी भी तरीके से उनको अस्वीकार न करे। उसको उनको स्वीकार कर लेना चाहिए और उनको कार्यान्वित करने के लिए कदम उठाना चाहिए।

श्री बेना कुरील (रामसनेही घाट): सभापति महोदय, आज तीन वर्षों की रिपोर्टों और पेरूमल कमेटी रिपोर्ट पर साथ ही साथ डिस्कशन हो रहा है। बहुत से माननीय सदस्यों ने इस पर ऐतराज किया है। मुझे भी ऐतराज है। जिस तरह से देश के सारे लोग इन आदमियों की तरफ उपेक्षा की नजर रखते हैं, मैं नहीं चाहता कि हम लोग यह इम्प्रेशन दें कि यह हाउस भी उनके प्रति उपेक्षा की दृष्टि रखता है। सालाना रिपोर्ट आने से उनमें जो खामियां बतलाई जाती हैं उनका सुधार हो सकता है, लेकिन तीन तीन सालों की रिपोर्ट एक साथ आने से कोई फायदा नहीं होता। ऐसा मलिूम होता है कि पार्लियामेंट के पास

टाइम नहीं है उनके मसलों पर विचार करने का और उनको हल करने का। मेरा सुझाव है कि आइन्दा हर साल की रिपोर्ट हाउस में पेश होनी चाहिए और उसी साल उस पर डिस्कशन हो जाना चाहिए तथा उसमें जो भी खामियां बतलाई जाती हैं, कमियां बतलाई जाती हैं उन का इम्प्लिमेंटशन भी हो जाना चाहिए। आज कल उनका इम्प्लिमेंटेशन नहीं होता। एक रिचुअल सा हो गया है, रुटीन सा हो गया है कि रिपोर्ट आई, उस पर डिस्कशन हो गया, मेम्बरों ने अपने बलबले निकाल लिए, मिनिस्टर ने सुन लिया और फिर उसको वैसे ही रख दिया गया। मेरा सुझाव है कि उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। जो खामियां बतलाई जाती हैं, जो सुझाव दिए जाते हैं, जैसा श्री मोलहू प्रसाद ने कहा, अगर उनका इम्प्लिमेंटेशन हो जाए तो बहुत सी समस्या हल हो जाएं। आज इम्प्लिमेंटेशन होता क्यों नहीं है ? इसलिए कि सवाल धन का आ जाता है। कहा जाता है कि धन नहीं मुहैया किया जा सका इसलिए उसके ऊपर कार्रवाई नहीं हो सकी। मैं समझता हूं कि यह एक बहुत ही गम्भीर समस्या है लेकिन सरकार ने उसको गम्भीर समस्या नहीं माना। राष्ट्रीय समस्या होते हुए भी हमने इसको राष्ट्रीय समस्या नहीं माना है।

दूसरी एक और बात है। इस देश के चाहे सरकारी लोग हो, गवर्नमेंट के लोग हों या दूसरे हों उनके सोचने का तरीका यह हो गया है कि जो पैसा हम इन लोगों पर खर्च करते हैं, यह चैरिटी के तौर पर करते हैं, कोई दान है जो दिया जाता है। कुछ धन इनके वास्ते खर्च कर दिया तो हमने बहुत बड़ा काम कर दिया है। वे ऐसा महसूस नहीं करते कि इन लोगों के कुछ हक हैं। इस देश का जो पैसा है, इस देश की जो दौलत है, उसके ये भी हकदार हैं और उसी हिसाब से पैसा इनके उत्थान के लिए खर्च किया जाना चाहिये चूंकि इस तरह की भावना पैदा हो गई है, इसी वास्ते ये सारे दिक्कतें हैं।

17 hrs.

पंचवर्षीय योजनाओं में हमने इनके वास्ते पैसा रखा है। पहली योजना में 26 करोड़ रुपया रखा था। दूसरी में 78 करोड़ रखा। तीसरी में 102 करोड़ की व्यवस्था की। 1968-69 में 64 करोड़ रखा। चौथी योजना में हम 142.40 करोड़ रखने जा रहे हैं। परन्तु यह जो धन है, समस्या के आकार को देखते हुए बहुत ही कम है, कुछ भी नहीं हैं। यह तो उसी तरह है जिस तरह एक बनिये ने एक किसान के साथ मिल कर खेती करनी शुरू की। नाले का पानी बहने लगा। उसको उस ने बन्द करना शुरू किया। उसने कुछ मिट्टी डाली लेकिन पानी बहता ही गया। उसने फिर डाली लेकिन पानी बन्द नहीं हुआ चौदह पंद्रह किलो मिट्टी जब वह डाल चुका और पानी बन्द नहीं हुआ और इसकी शिकायत उसने किसान से की तो किसान ने कहा कि फावड़ा उठाओ और इस में मिट्टी भरते जाओ तब तक जब तक यह बन्द न हो जाए। तोल कर मिट्टी डालने से यह बन्द नहीं होगा। उसी तरह से यह जो समस्या है यह भी बहुत बड़ी है। सरकार को इसके लिए धन समुचित मात्रा में मुहैया करना चाहिये। दान समझ कर पैसा न दिया जाए। इधर उधर थोड़ा बहुत पैसा खर्च करने से काम नहीं चलेगा। यह तो लोगों को भुलावा देना मात्र होगा। इतना मात्र कह देने से कि हम तुम्हारे लिए काम कर रहे हैं, तुम्हारी समस्याओं को हल कर रहे हैं, समस्यायें हल नहीं होंगी। आज तक यही होता आया है। अब आगे ऐसा नहीं होना चाहिये। आश्वासन तो बराबर दिये जाते हैं लेकिन समस्याओं को हल करने की कोशिश नहीं की गई है, उन आश्वासनों को पूरा करने की

[श्री वै० ना० कुरीक]

कोशिश नहीं की गई है। इस वास्ते मेरा सुझाव है कि रिपोर्ट्स के ऊपर जो सुझाव दिये जाते हैं और जो खामियां बताई जाती हैं उनको दूर किया जाए और उन सुझावों पर अमल किया जाए और काफी पैसा इस काम के लिए मुहैया किया जाए। सरकार पैसा कहां से लाए यह मैं नहीं जानता। यह इस देश के लोगों की जिम्मेदारी है कि इसके लिए धन पूल करें। जो पाप उन्होंने या पिछली पीढ़ियों ने किया है, उसका प्रायश्चित तो करना ही पड़ेगा। अगर नहीं किया जाता है तो शान्ति नहीं बनी रह सकेगी। श्री साधु राम ने भी इसकी ओर संकेत किया है। उसकी थोड़ी बहुत शुरुआत भी हो गई है।

सरकार ने जो आज तक इनके लिए काम किया उस में सब से अच्छा काम यह किया है जहां तक मैं समझता हूं कि उनके वास्ते शिक्षा का प्रबन्ध किया है, उनको शिक्षित करने की कोशिश की है। लेकिन जब इन्होंने देखा कि शिक्षा पा कर ये कुछ आगे बढ़ रहे हैं, कुछ अफसर भी बड़े बड़े हो रहे है, तो स्लो पायजनिंग करना शुरू कर दिया गया। कहां से यह शुरू हुआ ? मुझे कहते हुए अफसोस हो रहा है इसके बारे में लेकिन मैं कहूंगा जरूर कि पिछले हमारे जो शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज के कमिश्नर थे उन्होंने इसको इंजैक्ट किया, स्लो पायजनिंग को इंजैक्ट किया, उन्होंने कहा कि इनको ऊंची शिक्षा देने की कोई जरूरत नहीं है, इनको आठवीं, नवीं या अधिक से अधिक हाई स्कूल तक की शिक्षा देना ही पर्याप्त होगा और उसके बाद इनको कहीं इधर उधर लगा दिया जाना चाहिये पुराने पेशों में लगा दिया जाना चाहिये। अगर इनको आगे पढ़ाया जाएगा तो शासन में ये अपने अधिकार मांगेंगे। इस वास्ते उन्होंने कहा कि इनको आगे नहीं पढ़ना चाहिये। शुरू कैसे किया इसको ? उस में उन्होंने प्लानिंग कमिशन को भी शामिल कर लिया फाईनेन्स मिनिस्ट्री को भी शामिल कर लिया और कहने लगे कि यह कमिटिड एक्सपैंडिचर है, स्टेट गवर्नमेंट्स शिक्षा के काम को करेंगी हम जानते हैं कि स्टेट गवर्नमेंट् इसको नहीं कर सकती हैं। हम लोग देख ही रहे हैं और हमारा अनुभव भी है कि एक मद के लिए रुपया दिया जाता है उसको दूसरी मद में इधर उधर खर्च कर देती हैं। इस मद का भी दूसरी मद में खर्च कर देगी। कोई चारा आपके पास नहीं है, कोई गरंटी नहीं है, कि जिस मद के लिए दिया जाता है, इसको आप देख सकें कि कि उसी में खर्च किया जाएगा। जो कमिटिड एक्सपेंडीचर है वह अगर शैड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्ज के लिए है तो उन्हीं पर खर्च होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं हैं। मेरा निवेदन है कि इस पर फिर से गौर किया जाए और पैसा खर्च करना सैंट्रल गवर्नमेंट के हाथ में रहे और वही इस को खर्च करे।

श्री गोविन्द मैनन सोशल वैलफेयर मिनिस्टर थे। उन्होंने हाउस को बहुत विश्वास दिलाया था। लेकिन सैक्रेटेरिएट लेवेल पर बात करने से मालूम हुआ कि वे इसको नहीं कर सकते हैं। पानी यहां तक चढ़ गया है। प्राइम मिनिस्टर हर मीटिंग में चाहे वह लाल किले की मीटिंग हो या देश के किसी कोने की मीटिंग हो, यह कहने से नही चूकती है कि इन लोगों की समस्या हल होनी चाहिये लेकिन अफसरों का एटीट्यूड क्या है ? मिनिस्टर कहता है कि हमको इस तरह से किया जाएगा लेकिन अफसर कहते हैं कि हम नहीं करेंगे। यह जो रवैया है यह बदलना चाहिये।

अब आप देखिये कि कमेटी की रिपोर्ट है कि शैड्यूल्ड कास्ट और ट्राइब्ज़ के लड़कों को स्कालरशिप की जो राशि दी दी जाती है और जो बहुत पहले तय की गई थी वह बढ़नी चाहिये। आश्वासन भी यहां दिया गया था कि

उसको बढ़ाया जाएगा। अफसर लोग कहते हैं कि कुछ नहीं बढ़ाया जाएगा। पैसा नहीं है। जो पैसा भी दिया जाता है यह समझ कर दिया जाता है कि दान दिया जा रहा है अगर कुछ दे दिया तो दे दिया और नहीं दिया तो नहीं दिया। कोई जरूरत नहीं है। और कामों में पैसा खर्च करो। यह जो रवैया है, यह बदलना चाहिये।

जब जमीन देने की बात आती है। यह कंट्रोवर्शल प्वाइंट बन गया है। मैं इसके हक में नहीं हूं कि जबर्दस्ती जमीन छीनी जाए। उससे गरीब तबके को, कमजोर तबके को कोई फायदा नहीं होगा, दूसरे ही इसका फायदा उठा लेंगे। इस वास्ते कमजोर तबकों को इसमें नहीं पड़ना चाहिये। मैं गवर्नमेंट से निबेदन करना चाहता हूं। जितनी भी फाल्तू जमीन उसके पास है, उसको तुरन्त इन लोगों में बांट दिया जाए। भूमि सुधार तुरन्त लागू किये जायें। अगर लागू नहीं किये तो जो नतीजे होंगे वे आपको भुगतने पड़ेंगे, कोई उन से बच नहीं सकेगा। होता क्या है? उत्तर प्रदेश में एक कानून बना जैसे ही पंचायती राज कायम हुआ और जमीन गांव समाज के पास गई। यह कहा गया कि जो फालतू जमीन है जो परती जमीन है, उसको एलाट करते वक्त शैड्यूल्ड कास्ट के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। लेकिन हुआ क्या? जब पट्टे होने लगे तो वहां असैम्बली ने एक और कानून पास कर दिया, एक एमेंडमेंट पास कर दिया कि हर गांव में दस परसेंट जमीन अलग से रख ली जाए। इसको अब आठ परसेंट कर दिया गया है। आठ परसेंट जमीन फाल्तू पड़ी हुई है। उसको टच नहीं किया जा सकता है। जब बहस की गई तो कहा गया कि वहां तालाब खुदेंगे, चरागाह होगी, पौध लगाए जायेंगे। लेकिन हुआ कुछ भी नहीं सब जमीन बेकार पड़ी हुई है। सौ सौ, अस्सी अस्सी या डेढ डेढ़ सौ बीघे जमीन जो पड़ी हुई है उसके बारे में कहा जाता है कि यह रिजर्व्ड है, सुरक्षित है। अब हरिजन जा कर फीता ले कर नाप तो सकता नहीं है कि यह इतने बीघे है और यह रिजर्व वाली है।

अब यह जितनी भी जमीन है, इसको तो उन में बांटा ही जा सकता है। कहीं से कुछ लेने की बात यहां पैदा नहीं होती है। यह सरकारी जमीन है गांव समाज से ले कर, उसको रिज्यूम करके तुरन्त इनको बांटा जा सकता है। कुछ ऐसा नियम बना हुआ है कि गवर्नमेंट इसको रिजूम जब तक नहीं करेगी तब तक इसको बांटा नहीं जा सकता है। अब वहां जो सभापति हैं उनके वैस्टिड इंटरेस्ट हैं। अगर हरिजनों के पास जमीन चली जाएगी तो इनकी जो जमीन है उनको कौन जोतेगा। हरिजन तो अपनी जोतेगा, इनकी क्यों जा कर जोतेगा? इस वास्ते मैं चाहता हूं कि इस ओर भी आपका ध्यान जाए।

लैंड सीलिंग जो किया गला वह भी दिखाने के लिए किया गया प्रापेगंडे के लिए किया गया। कहीं जमीन निकल नहीं पाई सीलिंग से। जहां भी आपने सीलिंग लगाई है कहीं कोई जमीन आपको नहीं मिली हरिजनों में बांटने के लिए, गरीबों में बांटने के लिए। यह कहकर कि स्टेट गवर्नमेंट को इसको करना है, आपका इसमें कोई हाथ नहीं है, काम नहीं चलेगा। स्टेट गवर्नमेंट्स की जो दुर्गति होगी, वह तो होगी ही, उसके बाद आपकी भी होगी। इस वास्ते आप इस काम को भी जल्दी पूरा करें।

मैं टैक्नीकल एजूकेशन की बात भी कहना चाहता हूं। इसके लिए शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइबज् के लोगों को वजीफा जो दिया जाता है वह बहुत कम दिया जाता है। आई० आई० टी० में अगर कोई पढ़ना चाहता है तो दो सौ रुपया महीना खर्चा आता है। जबकि उनको आप पचास रुपया महीना ही देते हैं। किस

[श्री वै० ना० कुरील]

तरह से वे इनमें पढ़ सकते हैं । नतीजा यह होता है कि जो कोटा उनके लिए रिजर्व वहां किया जाता है, वह खाली रह जाता है । दिल्ली आई० आई० टी० की मिसाल आप लें । 1968-69 में 29 सीटें शैड्यूल्ड कास्ट के लिए और 9 सीटें शैड्यूल्ड ट्राइब्ज़ के लिए रिजर्व थीं । लेकिन कोई भी नहीं जा सका दोनों में से । 1969-70 में 34 और 11 अलग अलग से रिजर्व थीं, लेकिन इसका परसेंटेज निल रहा । कानपुर में शैड्यूल्ड कास्टस के लिए 34 और ट्राइब्ज के लिए 22 रिजर्व थीं । दोनों में इनका परसेंटेज निल रहा । 1969-70 में 42 और 14 रिजर्व थीं लेकिन दोनों को मिलाकर पांच आदमी ही पहुंच सके । अगर आप वाकई इनकी समस्या हल करना चाहते हैं तो इनकी शिक्षा की ओर खास ध्यान देना पड़गा और इसके लिए पैसा इकट्ठा करना पड़गा । उनको पूरा वजीफा देना चाहिए, ताकि वे पढ़ सकें ।

जो लोग एलिजिबल हैं, गवर्नमेंट आफ इन्डिया उनको सेंट-पर-सेंट पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप देती हैं । लेकिन उसके नीचे स्टेट गवर्नमेंट्स की जिम्मेदारी है । कहीं भी स्कालरशिप पूरे नहीं दिए जाते हैं । कहीं पांच दस परसेंट से ज्यादा नहीं दिए जाते हैं । अगर ये विद्यार्थी दसवीं या हायर सेकंडरी पास नहीं कर सकेंग तो वे पोस्ट मैट्रिक स्टज में कैसे जायग ? इस लिए सेंट्रल गवनमट पूरा पैसा देकर प्रा मैट्रिक स्कालरशिप की व्यवस्था करे और वे स्टट गवर्नमट के जरिये से विद्यार्थियों को मिलें, ताकि वे शिक्षा प्राप्त कर सकें ।

ये लोग शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से इतने पिछड़ गए है कि जब तक गवर्नमेंट खुले हाथ से प्रयत्न नहीं करेगी, तब तक उसके प्रयत्न हाफ-हार्टिड रहेंगे, तब तक कोई समस्या हल नहीं हो सकती है । जैसा कि मैंने पहले कहा है कि सरकार इसको राष्ट्रीय समस्या समझ कर इसके लिए धन इकट्ठा करे—अगर वह वाकई इस काम को करना चाहती है । मैं चाहूंगा कि मिनिस्टर साहब अपना उत्तर देते समय यह बतायें कि गवर्नमेंट किस तरह धन इकट्ठा करेगी । अगर गवर्नमेंट ऐसा नहीं कर सकती है तो फिर झूठे बायदे करने से क्या लाभ ? मिनिस्टर साहब साफ कह दें कि हम इस काम को बन्द कर देंगे, यह हमसे नहीं हो सकता है, हमने और काम करने हैं । गवर्नमेंट और काम करे और इन लोगों को अपने सहारे पर छोड़ दे । ऐसा करने पर वे लोग अपना कोई रास्ता निकाल लेंगे ।

SHRI S. M. SOLANKI (Gandhinagar) : Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me an opportunity to speak on the Report of the Committee on Untouchability, Economic and Educational Development of the Scheduled Castes and also on the Sixteenth, Seventeenth and Eighteenth Reports of the Commissioner for Scheduled Caste and scheduled Tribes for the year 1966-67, 1967-68 and 1968-69.

The Government has put these various Reports before the House. It would have been very convenient for the Government if these Reports would have been submitted after the General Elections of 1972, and would have been discussed by the new Members on the Fifth Lok Sabha. But the hon. Minister, Shri Hanumanthaiya, might have thought to come out of the attacks from the Members so that he could easily think over this matter in the inter-session period as to how to implement it and how to do best for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people.

The hon. Minister has been the Member of this House and he has been speaking like us in the House. I think, he will think over this matter for an early decision to implent it.

Our Indian demoracy has a qualified and distinct stand point of liberty, economic and social progress and political awakening in

the society. Under article 17 of the Constitution, the untouchability is abolished and its practice, in any form, is forbidden. The Untouchability Offences Act was passad by the Parliament on 2nd May, 1955. Still this evil of untouchability remains even after 20 years of Independence which is a blot on us. The problems of removal of untouchability is related to the problem of cast patriotism in a wider context. I would say, unless the caste patriotism is removed from this country, the untouchability cannot be eradicated completely.

Secondly, untouchability is based upon some sort of untouchable professions which require some scientific equipment so that those engaged in unclean professions may not be looked down upon in the eyes of others. I think Government should do thls thing first. I hope Shri Hanumanthaiya will think over this matter and will implement it.

Democracy loses its value and purpose if man's inhumanity to mean is allowed to continue. Social justice is the back-bone of national integrity and strength. This denial of opportunity and any discrimination on the basis of caste or profession is not congenial to our national and social growth. Our Indian democracy says that every kind of faith, every kind of culture and all sorts of rights and privileges and every mode of living is allowed to flourish. I have no confidence at all to believe that this Government will do boldly. Our Prime Minister, Shri Chavan and many other fellow travelling crew are more concerned with the slogan mongering and not doing anything. All are in pursuit of the chair in the Treasury Benches. Some are on the point of getting something and some are in the waiting list hoping to get some thing like Chairmanship and other things. Shri Jagjivan Ram claims himself as the leader of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. I find for the last 4 years he is sitting like a bridegroom in cabinet in this House. He has never uttered a single word for this. He has never uttered a single word in the Cabinet for the Scheduled Castes and Scheguled Tribes. Still I must give credit to him. For the last six months he is bold enough not to vacate either of the Chairs. He is bold enough to preserve the Chair. But Shri Hanumanthaiya will not deny this·

To understand the present situation let us have a glance in the past history of our country. We were slaves of foreigners for the last thousand years. We were never united in the harmony and united in strength to rule out the foreigners from this country. We were divided by different religions, castes and creeds and as a result our social and economical condition was deteriorating. The condition of these untouchables was worse than that. The scheduled Castes and Scheduled Tribes people were the slaves of slaves. But in our freedom movement a new and encouraging climate was created. It was a rousing call to every citizen of India to shed his last drop of blood for the country for getting the difference of religion, caste and creed which was fertilised by the thirsty Britishers in pursuit of their imperialist policy of divide and rule.

Hot patriotism was roused to save the motherland which was caught in the shackles of slavery to the imperialists who had impoverished the country since the last two centuries. In a likewise manner after getting freedom the same mentality of thirsty Britishers has gained ground and the same thirst of caste Hindus has impoverished a group of Scheduled Castes and the Scheduled Tribes people for the last 1000 years. To-day the same policy of divide and rule is flourishing in this country. This inhibited policy of divide and rule has created communal riots in this country. The same palicy of Britishers has divided this country into Pakistan and India. The Muslims get the justified share but the Harijans did not. To-day this slogan of 'I am for the minorities' has repeated history, Today, the slogan 'I am for the minorities' has resulted in history repeating itself. It has created enmity towards each other. It was nourished communal hatred between the Hindus and Musilms.

The slogan of Congress (R) that "we are for the minorities" will given birth to groups and divisions in our country. The

[Shri S. M. Solanki]

fresh growth and support of the Muslim League is the best example to be noted in this connection. But, by this policy of 'divide and rule' of the party in power, will it not be more dangerous to Muslims than the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people who are supporting the Government today?

Sir, we are forgetting the principles of Secularism. In our country the minorities have to acquire their share by virtue of secularism.

Instead of encouraging the principles of Secularism, we have encouraged only sectaranianism in this country.

I will give you one example. A father has two or three sons. If the brothers are fighting with each other, what should the father say ? The father should say 'You should stop fighting'. He should say, 'You are brothers ; you should not quarrel with each other'. In this connection, I wish to say that the same policy of divide and rule which is pursued by the Britishers is being followed by the Congress (R). The Muslims Hindus and Harijans are all brothers in this country. So we must create such an atmosphere in this country so that they can unite and they can get all their privilieges and rights which we secured from the Britishers at the time of our freedom movement.

Regarding communal riots, we have never seen such tragic picture in the history of democracy in any other county as we have seen it in our country, in which Harijans are burnt, killed and murdered and girls and women raped and property looted, privileges captured, economically suppressed, physically threatened, mentally poisoned lands for livelihood not given, reservation not filled up, percentage in services not maintained, proper wages not given, fixed promotions not given and so many other privileges denied. Who is responsible for this thing ? The Government at the Centre is responsible to the entire country to ensure that law and order abiding citizens are not divested of their lives and properties in anarchy, loot violence and arson. In our country we find many Harijans are burnt and murdered.

In this connection I want to give one example, In Gujarat recently in a village sudasana in Mehsana district one Harijan was murdered. He was praying in a Shiva temple before God Shiva. At that time his throat was cut off by the Pujari and he was murdered. So, this is one example. There is another example also. One Harijan murdered in Sanand taluk in Ahmedabad district. All this happened because the police department is corrupt. Therefore, special benches of judiciary are needed at every district especially in the case of these Harijans.

In the Services the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people are not getting their promotion due to adverse confidential reports intentionally written by the higher officers.

I want to bring to the attention of the Government one important point about the quantum of scholarships, and about the pattern of scholarships. In this critical period when the rates of all commodities have gone up, this amount of scholarships must be doubled for the Harijans and Scheduled Caste people. The income-bracket limit is very dangerous for them. It will stop them from studying further in the colleges. The income limit at present is Rs. 3600 per year. Even an ordinary clerk gets more than Rs. 4000 to Rs. 5000 per year. If in his family six or seven members are there, then it is not possible for him to maintain his family. So, there is no question of his being able to spare some money for fees in the colleges or the high schools. Therefore, I want to suggest to the hon. Minister that this income limit must be increased up to a minimum of about Rs. 8000 per year.

Regarding Government waste land, I have to say many things. Today, Government have innumerable acres of such land which are idle lying which are cultivated by some *dadas* in the villages. In the records, this land is Government waste land, but actually the land is cultivated by some people. In the record, you will always find that is Government waste land not cultivated by any one. When the Harijans are allotted land they are generally given this land ; the *dadas* are not going to vacate it, and there-

fore the Harijans are not able to get the land. When the land is available and they apply, the panchayat turns this land into *gow-char* land, and so, the Harijans are not able to get the land.

Therefore, I would suggest that some parliamentary committee or some commission must be oppointed to survey the Government waste land in the country and in the particular area where they hold the camp in any State, the MLAS and Scheduled Caste workers from that area must also be included in the committee for the time being as co-opted members.

I am sorry to say that this Government had always neglected the Scheduled Castes before the split in their party. I have already mentioned these things in such harsh words, and other Members have also pressed their points without any hesitation on this Government. But I would like to submit that the Secheduled Castes and Scheduled Tribes people will never create such danger in this country like Muslims. By threatening, they had got Pakistan. But these Harijans and Adibasis are with the country. Still, even after 22 years they are not geeting even their social and oconomic rights and privileges. It is very tragic picture in the history of India and in the history of democracy. I wanted to say more about these things, but since my time is up, I shall conclude, tahnking you for time given to me.

श्री नाथूराम आहिरवार (टीकमगढ़) : अध्यक्ष महोदय, तीन चार साल पुरानी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन-जातियों के कमिश्नर की रिपोर्ट पर आज हम चर्चा करने जा रहे हैं और बिलकुल जैसा कि माननीय सदस्यों ने इस पर अपने विचार व्यक्त किए है ऐसा लगता है कि यह एक ऐसा वर्ग है जिस के ऊपर कोई खैरात कर रहे हों, बख्शीस दे रहे हों.....

MR. CHAIRMAN : The hon. Member may continue his speech on the next day.

17.29 hrs.

DISCUSSION *Re.* MIGRATION OF HINDU MINORITIES FROM EAST PAKISTAN—*contd.*

MR. CHAIRMAN : The House will now take up futher discussion on the large-scale migration of Hindu minorities from East Pakistan and the steps taken by the Government to check it. The time allotted is only one hour. And there are so many Members who want to speak.

SHRI SAMAR GUHA (Contai) : The time may be extended.

श्री देवेन सेन (आसनसोल) : सभापति महोदय, उस दिन मैं यह कह रहा था कि ईस्ट बंगाल के रिफयूजीज के बारे में केन्द्रीय सरकार की तरफ से अवहेलना चल रही है रिहैबिलिटेशन मिनिस्टर ने हमारे प्रश्न के उत्तर में जो जवाब दिया है, मैं उस की तरफ आप का ध्यान खींचना चाहता हूं। उस में कहा गया है—

> "Under the Nehru-Liaquat Pact of April 1950, migrants from East Pakistan retain their property rights in properties left behind by them in that country".

यह कहा गया है कि जो लोग अब ईस्ट पाकिस्तान से चले आ रहे हैं इस नेहरू-लियाकत पैक्ट के अनुसार उन को कम्पेन्सेशन नहीं दिया जा सकता—

> "As the migrants have property rights in their property, the question of grant of compensation them does not arise".

उन को कम्पेन्सेशन नहीं दिया जा सकता, क्योंकि उन का प्रापर्टी-राइट पाकिस्तान में है। इस के बारे में फिर कहा है...

SHRI B. K. DASCHOWDHURY (Cooch-Behar) : Is this not the concern of the Rehabilitation Minister ? I dont find him here.